हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 जब सहारे की थी जरूरत, खुद ग्रामीणों के बीच पहुंचे...



07 अगरा पुलिस ने पांच किमी पीछाकर पकड़ी शराब से भरी...



खबर संक्षेप

खुरई विधानसभा क्षेत्र में आज से शुरू होगी 'भूपेन्द्र भैया हेल्प लाइन सेवा'

सागर। पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा खुरई विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की जनहित से जुड़ी समस्याओं के निराकरण और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'भूपेन्द्र भैया हेल्प लाइन सेवा' शुरू की जा रही है। यह हेल्प लाइन सेवा 5 अक्टूबर से प्रारंभ होगी और प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक संचालित की जाएगी। खुरई विधानसभा क्षेत्र के नागरिक जनहित से संबंधित अपनी समस्याओं, आवश्यकताओं अथवा अन्य मामलों के संबंध में हेल्प लाइन नंबर पर संपर्क कर सकेंगे। इस सेवा के माध्यम से क्षेत्रवासियों को अपनी समस्याएं सीधे संबंधित स्तर तक पहुंचाने और उनके निराकरण के लिए आवश्यक सहयोग प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। हेल्प लाइन सेवा की मॉनिटरिंग स्वयं विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा की जाएगी। इससे क्षेत्रवासियों की समस्याओं पर प्रभावी ढंग से नजर रखने और उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। खुरई विधानसभा क्षेत्र के नागरिक 'भूपेन्द्र भैया हेल्प लाइन सेवा' के हेल्प लाइन नंबर 9228036582 पर प्रातः 9 बजे से रात 9 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

वृद्धाश्रम में 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत कार्यक्रम

सागर। मध्यप्रदेश शासन के 'सेवा संकल्प अभियान-2026' के तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वृद्धाश्रम में 'सेवा मेरा योगदान' पहल के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं उपस्थितजनों ने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभव सुने तथा फल, पौष्टिक भोजन और दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की।स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें चिकित्सकों ने वृद्धजनों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। अंतर-पीढ़ीगत जुड़ाव के लिए शतरंज, चित्रकारी एवं पठन-पाठन जैसी गतिविधियां भी हुईं। सामाजिक न्याय विभाग के कलापथक दल ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वृद्धजनों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति सम्मान, अपनत्व और सेवा भावना को मजबूत करना रहा।



बच्चों ने परिवार से समुदाय तक पहुंचाया नशामुक्ति का संदेश

सागर। सेवा संकल्प अभियान के तहत सांदीपनि विद्यालय प्राथमिक विभाग, राहतगढ़ में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों ने परिवार में नशे की स्थिति जानने के लिए सरल सर्वे किया और नशे के दुष्परिणामों से दूर रहने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने समाचार पत्रों में प्रकाशित नशे से संबंधित खबरों को एकत्र कर शिक्षण सामग्री तैयार की। इसके बाद नशामुक्ति संबंधी पंपलेट बनाकर विद्यालय से जुड़े समुदाय में घर-घर वितरित किए और लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य सुरेश कुमार पटेल एवं प्राथमिक विभाग लीडर नीरज मिश्रा ने कहा कि बच्चों को वास्तविक जीवन की समस्याओं से जोड़ने से उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम रामेश्वर लोधी एवं प्राथमिक विभाग के स्टाफ के सहयोग से संपन्न हुआ।

सेवा सेतु अभियान शुरू, 8 जोनों में पहुंचेगी सरकार आपके द्वार

पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शासन की योजनाओं और लोक सेवाओं का लाभ नागरिकों को उनके वार्ड एवं घर के नजदीक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को नगर निगम के सभी 8 जोनों में 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के शिविरों का शुभारंभ किया गया। निगम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, महापौर संगीता सुशील तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री सहित पार्षद मौजूद रहे। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान का प्रमुख हिस्सा है।

शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है। अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र में योजनाओं से वंचित 2627 पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें पीएम स्वनिधि, पेंशन, संबल, राशन पर्ची, नामांतरण, प्रधानमंत्री आवास, पट्टा, कर्मकार मंडल सहित अन्य योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई की गई। सामाजिक न्याय, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, उद्योग और स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए।

मंच से हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ

पीएम स्वनिधि योजना में संध्या विश्वकर्मा को 25 हजार और नंदलाल अहिरवार को 15 हजार रुपए के चेक प्रदान किए गए। संबल योजना के तहत मनीराम पचौरी को 4 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के हितग्राहियों संभव जैन, मनोज सेन एवं भागीरथ प्रजापति को आवास की चाबी सौंपी गई, जबकि एएचपी घटक के हितग्राही अजय आठया का गृह प्रवेश कराया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी के तहत 28 भूमिहीन हितग्राहियों को पट्टे दिए गए तथा आवास निर्माण के लिए 120 हितग्राहियों को पहली किश्त के रूप में एक-एक लाख रुपए सिंगल क्लिक से भेजे गए।विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि शिविर में आने वाला एक भी पात्र नागरिक योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि 'सेवा सेतु' सरकार और जनता के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले, यही शिविरों का उद्देश्य है।निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों और शिकायतों का मौके पर परीक्षण कर यथासंभव तत्काल निराकरण किया जा रहा है। जिन मामलों का मौके पर निराकरण संभव नहीं है, उनमें संबंधित विभाग को समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



सागर में अग्निवीर भर्ती रैली जारी, चौथे दिन 575 अभ्यर्थी अगले चरण के लिए चयनित

सागर। सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर द्वारा इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर में आयोजित वार्षिक अग्निवीर भर्ती रैली के चौथे दिन 814 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कड़ी प्रतिस्पर्धा एवं निर्धारित शारीरिक मानकों के बीच 575 अभ्यर्थियों ने सफलतापूर्वक दौड़ पूरी कर अगले चरण में प्रवेश किया। भर्ती रैली 1 से 14 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जा रही है। दौड़ में सफल अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया के आगामी चरणों से गुजरना होगा, जिसमें शारीरिक प्रवीणता परीक्षण, शारीरिक मापदंड, बायोमेट्रिक एवं दस्तावेज सत्यापन तथा मेडिकल जांच शामिल है। अभ्यर्थियों में उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। सागर सेना भर्ती रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की आवागमन सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ट्रेन क्रमांक 01711 मकरोनिया से मुरैना शाम 6 बजे, 01832 मकरोनिया से मुरैना सुबह 2:15 बजे तथा 01834 मकरोनिया से भिंड सुबह 3:15 बजे रवाना होगी। समय-सारणी में परिवर्तन की स्थिति में आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करने और यात्रा के दौरान आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की गई है। सागर जिला प्रशासन और सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर के समन्वय से भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। सेना भर्ती कार्यालय ने अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि भर्ती पूरी तरह निष्पक्ष एवं योग्यता के आधार पर होती है। किसी भी अनधिकृत व्यक्ति, दलाल या असामाजिक तत्व के बहकावे में न आएं।



गढ़ाकोटा में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में 8 मेधावी विद्यार्थियों को मिली स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा द्वारा सुशीला भार्गव मंगल पैलेस में 'सेवा सेतु शिविर-सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों ने स्टॉल लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और पात्र हित ग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया। कार्यक्रम में श्रम, विद्युत, सामाजिक न्याय, वित्त, कौशल विकास एवं रोजगार, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, कृषि, स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के स्टॉल लगाए गए।

नागरिकों ने विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन भी प्रस्तुत किए।स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 8 मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप स्कूटी की चाबी प्रदान की गई। वहीं लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत पात्र बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विद्युत विभाग ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी देकर उपभोक्ताओं का पोर्टल पर पंजीयन कराया।

मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जानकारी के अभाव में कई पात्र लोग योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसलिए योजनाओं की सही जानकारी लेकर पात्र हित ग्राहियों को उनका लाभ दिलाना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संगीता/ मनोज तिवारी, जिला पंचायत सदस्य संतोष पटेल, बसंत यादव, हरिनारायण पटेल, पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण के पांचवें सत्र का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार आपदा मित्र वालेंटियर्स के प्रशिक्षण का पांचवां सत्र 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 150 आपदा मित्र वालेंटियर्स ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी, सागर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी विवेकानंद विश्व विद्यालय के कुलपति एवं संस्थापक डॉ. अनिल तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि भारतीय स्त्री शक्ति मध्य प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा तिवारी रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आपदा मित्रों को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं तथा उनके प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों और आपदा मित्रों से संबंधित दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण अवधि में आपदा मित्रों के कर्तव्य एवं जिम्मेदारियां, आपदा प्रबंधन, बाढ़, भूकंप, अग्नि आपदा, सर्पदंश प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, इम्प्रोवाइज्ड राफ्ट, अग्नि शमन उपकरणों का प्रयोग, ध्वस्त ढांचे में खोज एवं बचाव, घायलों का प्राथमिक उपचार, घायलों का परिवहन, सीपीआर, आकस्मिक सेवाएं, रासायनिक आपदा, जैविक आपदा एवं नाभिकीय आपदा सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत सैद्धांतिक एवं आवश्यक प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने आपदा मित्रों के कर्तव्यों एवं दायित्वों पर प्रकाश डाला। राजेश मिश्रा, सिविल डिफेंस डिवीजन वार्डन, मनीष दुबे, निदेशक, फायर विभाग, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय तथा अरुण कुमार सिंह, मुख्य अग्नि प्रशिक्षक ने प्रशिक्षण में विशेष सहयोग प्रदान किया।समस्त आपदा मित्रों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा इमरजेंसी किट एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। सभी नामांकित वालेंटियर्स को आपदा के दौरान प्रशासन के समक्ष उत्पन्न परिस्थितियों में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग एवं सहभागिता निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट भूपेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति-चिह्न भेंट किया गया। अंत में सभी वालेंटियर्स से फीडबैक फॉर्म भरवाए गए। कार्यक्रम में कंपनी कमांडर अनिमेष राजपूत, प्लाटून कमांडर समीक्षा श्रीधर, हवलदार अनुदेशक ममता ठाकुर, एसडीई आरएफ सैनिक एवं समस्त आपदा मित्र वालेंटियर्स उपस्थित रहे।

प्रतिनियुक्ति कर्मचारियों को मूल विभाग भेजने का निर्णय, कर्मचारी संघों ने जताया आभार

सागर। नगर निगम में प्रतिनियुक्ति एवं स्थानांतरण पर पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को उनके मूल विभाग अथवा निकाय में वापस भेजने के निर्णय पर कर्मचारी संघों ने महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री का आभार जताया है। मध्यप्रदेश नगर निगम/नगर पालिका कर्मचारी संघ, नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ एवं सफाई कामगार यूनियन सहित अन्य संघों द्वारा इस संबंध में ज्ञापन दिए गए थे। गठित समिति के प्रतिवेदन के आधार पर एमआईसी ने प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ कर्मचारियों को मूल विभाग में वापस भेजने का निर्णय लिया है।कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत ने बताया कि वर्तमान में अन्य विभागों एवं निकायों के करीब 40 अधिकारी-कर्मचारी निगम में कार्यरत हैं, जिनके वेतन-भत्तों पर निगम को प्रतिमाह करीब 25 से 30 लाख रुपए का वित्तीय भार उठाना पड़ रहा है। निगम की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए एमआईसी ने इन्हें तत्काल एकपक्षीय रूप से कार्यमुक्त करने का निर्णय लिया है। संघों ने निर्णय को निगम और कर्मचारियों के हित में बताया।



सेवा सेतु अभियान में उमड़ा जनसैलाब, नगर स्तरीय शिविर में 135 आवेदन प्राप्त हुए

देवरी। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने एवं नगरवासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से रविवार, 4 अक्टूबर को "सेवा सेतु अभियान—सरकार आपके द्वार" के अंतर्गत नगर स्तरीय शिविर का आयोजन रैन बसेरा, झुनकु वार्ड में किया गया। शिविर में नगर के विभिन्न वार्डों से सैकड़ों की संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ शिविर शाम 5:30 बजे तक चला। इस दौरान नगरवासियों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं, सुविधाओं एवं नागरिक समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। शिविर में 135 आवेदन नगर पालिका को प्राप्त हुए, जिन पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। वहीं पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए, जिससे हितग्राहियों में खुशी देखने को मिली। शिविर के दौरान नगरवासियों की समस्याओं को सुनने के साथ ही उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया गया। बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता से शिविर का उद्देश्य जन-जन तक शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को पहुंचाना सार्थक होता दिखाई दिया। शिविर में क्षेत्रीय विधायक बृज बिहारी पटेरिया, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन, उपाध्यक्ष नईम खान, पार्षद काशीराम पटेल, नारायण वाल्मीकि, दामोदर लोधी, संजय चौरसिया, उमेश पलिया, सुनील रिछारिया, त्रिवेंद्र जाट, मोंटू राजपूत, मनोहर गुप्ता,राजाराम दामले, शोभा नेमा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। शिविर में सभी का आभार व्यक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर विंझवार द्वारा किया गया।

सरकार आपके द्वार : 265 आवेदन आए, 210 का मौके पर निराकरण

सेवा ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ, 46 प्रमाण पत्र बांटे पीएम स्वनिधि के 43 हितग्राहियों को मिली सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई



सेवा सेतु अभियान के तहत नगरपालिका खुरई में आयोजित 'सरकार आपके द्वार' शिविर में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के साथ पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया गया। पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में आयोजित शिविर में 265 आवेदन पोर्टल पर दर्ज किए गए, जिनमें 210 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के 46 प्रमाण पत्र भी हितग्राहियों को वितरित किए गए।

इस अवसर पर विधायक ने सेवा ज्योति कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाकाली शेड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े अस्पताल दूर होने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए संजीवनी का काम करते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा कार्यकर्ता टीकाकरण, पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से स्वस्थ एवं कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सुकन्या समृद्धि, उज्ज्वला, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, लखपति दीदी, लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी और नमोलखपति दीदी, लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी और नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में भी परिवार की महिला को प्राथमिकता दी जा रही है।

200 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र

कार्यक्रम में 'आंगन मिलन' के तहत 200 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पीएम स्वनिधि योजना के 43 हितग्राहियों को 15-15 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। इसके अलावा अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को भी लाभ एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां नागरिकों ने योजनाओं की जानकारी लेने के साथ आवेदन भी प्रस्तुत किए। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया।

ऑटो चालकों को गार्बेज बैग, 11 हजार के पुरस्कार की घोषणा

स्वच्छ खुरई अभियान के तहत नगरपालिका की ओर से ऑटो रिक्शा चालकों को गार्बेज बैग वितरित किए गए। भूपेन्द्र सिंह ने घोषणा की कि सबसे अधिक गार्बेज बैग का उपयोग करने वाले ऑटो रिक्शा चालक को 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए नगरपालिका कार्यालय में अलग डेस्क बनाई गई है ।विधायक ने सेवा सेतु शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों तथा स्व-सहायता समूहों के उत्पादों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शिविरों का उद्देश्य यही है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं और योजनाओं के लाभ के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि उनके बीच पहुंचकर सेवाएं उपलब्ध कराएं।

थोक औषधि विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, भोपाल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सागर डॉ. देवेश पटेरिया एवं सिटी मजिस्ट्रेट सागर, शैलेश द्विवेदी के मार्गदर्शन में सागर स्थित थोक औषधि विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण कार्यवाही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सागर डॉ. देवेश पटेरिया एवं औषधि निरीक्षक सोनम जैन एवं औषधि निरीक्षक मनीष सुमन की संयुक्त टीम द्वारा की गई। निरीक्षण के क्रम में बच्चन मेडिकल स्टोर, सागर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में उपलब्ध औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेखों एवं दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। प्रतिष्ठान संचालक को एबॉर्शन किट, ट्रेमाडोल की टैबलेट, अन्य एनआरएक्स श्रेणी की औषधियों तथा एटिजोलम के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेख/रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

बड़ागांव धसान से जिले में होगा भव्य प्रवेश, टीकमगढ़ में दिव्य दरबार

सनातन एकता का संदेश देने 14 अक्टूबर को आ रही बागेश्वर धाम सरकार रथयात्रा

व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज की पांच दिवसीय भव्य सनातन हिंदू एकता रथयात्रा-2026 के टीकमगढ़ जिले में दो दिवसीय आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। रथयात्रा के स्वागत, मार्ग व्यवस्था, धार्मिक आयोजनों तथा देशभर से साथ आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर शनिवार को शहर के सिविल लाइन रोड स्थित शहनाई गार्डन में आयोजन समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ बालाजी सरकार के पूजन और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। रथयात्रा के जिला प्रभारी राजेन्द्र तिवारी ने उक्त बैठक में यात्रा की विस्तृत रूपरेखा रखते हुए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने बताया कि बागेश्वर धाम सरकार की रथयात्रा 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे बड़ागांव धसान नदी के समीप पहुंचेगी, जहां से टीकमगढ़ जिले में यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। जिले में प्रवेश के बाद यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए टीकमगढ़ पहुंचेगी। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमी नागरिकों द्वारा पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज का स्वागत किया जाएगा।



बड़ागांव में धार्मिक सभा और हनुमान मंदिर दर्शन



आयोजन समिति के अनुसार बड़ागांव पहुंचने के बाद रथयात्रा को भव्य स्वागत के साथ कृषि उपज मंडी परिसर ले जाया जाएगा, जहां धार्मिक सभा का आयोजन प्रस्तावित है। इस दौरान पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज द्वारा बड़ागांव के प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया जाएगा। बड़ागांव से टीकमगढ़ तक यात्रा के मार्ग में अनौरा, अमरपुर, समर्रा, पठा सहित विभिन्न स्थानों पर स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं।

पीजी कॉलेज परिसर में लगेगा दिव्य दरबार

रथयात्रा के टीकमगढ़ पहुंचने के बाद 14 अक्टूबर की शाम 6 बजे से कुण्डेश्वर रोड स्थित पीजी कॉलेज परिसर में पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज का भव्य दिव्य दरबार आयोजित किया जाएगा। इसी परिसर में रथयात्रा के रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। आयोजकों द्वारा यहां बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन, ठहरने, पेयजल सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है। आयोजन समिति का कहना है कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाओं को व्यापक स्तर पर तैयार किया जा रहा है, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

5 जिलों से होकर गुजरेगी 500 किलोमीटर की यात्रा

आयोजकों के अनुसार सनातन हिंदू एकता रथयात्रा करीब 500 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पांच जिलों से होकर गुजरेगी। यात्रा का शुभारंभ 11 अक्टूबर को छतरपुर जिले के गढ़ा स्थित बागेश्वर धाम से होगा। इसके बाद यात्रा पन्ना जिले के अमानगंज, अजयगढ़ और पवई से होते हुए सागर, दमोह और हटा क्षेत्र से आगे बढ़ेगी तथा टीकमगढ़ जिले में प्रवेश करेगी। इसके बाद यात्रा पुनः छतरपुर के गढ़ा स्थित बागेश्वर धाम पहुंचकर संपन्न होगी। पांच दिवसीय यात्रा के दौरान छतरपुर, पन्ना, सागर, दमोह और टीकमगढ़ जिले शामिल होंगे। यात्रा मार्ग में लगभग प्रत्येक 20 किलोमीटर पर पड़ाव एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था प्रस्तावित है। इन पड़ावों पर हनुमान चालीसा पाठ, हवन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

सनातन समाज को एकजुट करने का संदेश

आयोजकों के मुताबिक रथयात्रा का प्रमुख उद्देश्य सनातन समाज को एकजुट करना और समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश पहुंचाना है। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। बैठक में आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी नागरिकों, सामाजिक संगठनों और पत्रकारों से इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। प्रभु चरण सेवक राजेन्द्र तिवारी, डॉ. राहुल तिवारी, रिक्की तिवारी, प्रवीण तिवारी एवं बागेश्वर धाम शिष्य मंडल द्वारा आयोजन की तैयारियों को लेकर लगातार समन्वय किया जा रहा है। बैठक में अनुराग वर्मा, विवेक चतुर्वेदी, राम गोपाल शर्मा, प्रदीप खरे, महेन्द्र द्विवेदी, जीतू सेन, राजीव जैन, कौशल किशोर भट्ट, अभिषेक खरे रानू, अरुण तिवारी, सौरभ खरे, मिली तिवारी, चक्रेश सुल्लेरे, नीतू तिवारी, रुचि राजा परमार, दीपक रामचंदरानी, रघुवीर सहाय पस्तोर, प्रकाश अग्रवाल, जगदीश यादव, रामकिशोर तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं बागेश्वर धाम शिष्य मंडल के सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा बागेश्वर धाम से धीरेंद्र गौर, राजेंद्र अवस्थी, राम यादव, राम सिंह यादव, बृजनंदन रावत, अशोक यादव, राज कुमार शुक्ला, प्रकाश महाराज, रामू शर्मा, मकरध्वज उपाध्याय, मुन्ना शर्मा, गोलू ठाकुर, अरुण तिवारी, अनिल विदुआ, दिनेश रिछारिया, महेंद्र अहिरवार, अशोक कुशवाहा, आकाश यादव, बलराम यादव, संतोष प्रजापति, मोतीलाल राजपूत, सोनू यादव, जगदीश यादव आदि रहे मौजूद।

जब सहारे की थी जरूरत, खुद ग्रामीणों के बीच पहुंचे तहसीलदार पलक जैन

असहाय ग्रामीणों की स्वयं कराई मदद, 479 आवेदन आए



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

प्रदेश सरकार की सरकार आपके द्वार की मंशा को साकार करने के उद्देश्य से पलेरा में आयोजित सेवा सेतु अभियान के दूसरे दिन प्रशासन की ओर से तहसीलदार पलक जैन की संवेदनशीलता की एक तस्वीर देखने को मिली। दूर-दराज के गांवों से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे कई ग्रामीण विभागीय स्टॉल और अधिकारियों की जानकारी के अभाव में इधर-उधर भटक रहे थे। ग्रामीणों की परेशानी देखकर तहसीलदार पलक जैन स्वयं उनके बीच पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनकर न केवल उन्हें संबंधित विभाग तक पहुंचाया, बल्कि जरूरतमंद ग्रामीणों का स्वयं साथ जाकर पंजीयन भी कराया।

तहसीलदार पलक जैन ने शिविर में आए ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई ग्रामीण ऐसे थे, जिन्हें यह जानकारी नहीं थी कि उनकी समस्या का समाधान किस विभाग में होगा। ऐसे ग्रामीणों को तहसीलदार ने स्वयं मार्गदर्शन दिया और उनके साथ संबंधित स्टॉल तक पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। तहसीलदार पलक की इस संवेदनशील कार्यशैली से ग्रामीणों में भी भरोसा नजर आया। खासतौर पर दूर-दराज से आए बुजुर्ग, महिलाएं और जरूरतमंद ग्रामीणों को जब अधिकारी स्वयं उनके पास पहुंचकर मदद करते नजर आए तो उन्होंने तहसीलदार पलक के इस व्यवहार की सराहना की। ग्रामीणों का कहना था कि प्रशासनिक अधिकारी द्वारा इस तरह स्वयं आगे बढ़कर मदद करने से उन्हें अपनी समस्या रखने और उसका समाधान कराने में काफी सहूलियत हुई। सेवा सेतु अभियान के दूसरे दिन विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 479 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकारियों की तत्परता से 285 मामलों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष 194 आवेदनों को प्रक्रिया में लेकर समय-सीमा के भीतर निराकरण का आश्वासन दिया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना योजना, बीपीएल राशन कार्ड तथा राजस्व संबंधी बंटवारे सहित अन्य योजनाओं से जुड़े आवेदन बड़ी संख्या में प्राप्त हुए। शिविर में आमजन की सुविधा के लिए स्वास्थ्य, राजस्व, वन, मत्स्य पालन, ऊर्जा, कृषि एवं किसान कल्याण, नगरीय प्रशासन एवं विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, श्रम तथा स्कूल शिक्षा सहित विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाई गई थीं। इन स्टॉलों पर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन भी लिए गए और पात्र मामलों में आवश्यक कार्रवाई की गई। सेवा सेतु शिविर में तहसीलदार पलक जैन की सक्रियता विशेष रूप से चर्चा में रही। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने वाले ग्रामीणों के बीच स्वयं पहुंचकर उनकी मदद करना सरकार आपके द्वार की भावना को धरातल पर उतारने वाली पहल के रूप में देखा गया। उनकी इस सहयोगात्मक कार्यशैली की ग्रामीणों ने मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व बुंदेलखंड विकास प्राधिकरण अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह बेबी राजा, नगर परिषद पलेरा की सीएमओ शिवी उपाध्याय, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील खटीक, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश पटेरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश नायक, तेज सिंह यादव, अवध नापित, उमाशंकर यादव, रामकिशोर कुशवाहा सहित स्थानीय पार्षद, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

संस्कार, सेवा व समाज निर्माण की राह पर बढ़ रहे युवा, 40 से अधिक युवाओं ने लिया भाग

गायत्री शक्तिपीठ में तहसील स्तरीय युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में तहसील स्तरीय युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए 40 से अधिक युवाओं ने सहभागिता करते हुए संस्कार, सेवा, स्वास्थ्य, संगठन और समाज निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह बुंदेला ने उक्त जानकारी देते हुये बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ देव आवाहन, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी महेश बादल रहे। वहीं गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन महेश प्रसाद गुप्ता एवं सुरेंद्र श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण सत्र में गायत्री परिवार के युवा समन्वयक प्रियेश सेन ने परम पूज्य माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के उद्देश्य एवं उसकी व्यापक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से मिशन से जुड़कर समाज निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अजय परमार ने युवा जोड़ो आंदोलन विषय पर प्रेरणादायी प्रसंगों के माध्यम से युवाओं को संगठित होकर सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को सही दिशा और संस्कार मिल जाएं तो समाज में व्यापक परिवर्तन संभव है। सीमा सैनी ने बाल संस्कार शाला विषय पर प्रशिक्षण देते हुए गांव-गांव, विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल संस्कार शालाओं के संचालन की आवश्यकता बताई। उन्होंने बच्चों में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के विकास में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

इसी क्रम में रामगोपाल वर्मा ने स्वास्थ्य साधना विषय पर युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली एवं साधना के विभिन्न आयामों की जानकारी दी। बृजेश विश्वकर्मा ने गायत्री परिवार के सप्त आंदोलनों की विस्तृत जानकारी देते हुए युवाओं को रचनात्मक अभियानों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जिला समन्वयक युवा प्रकोष्ठ अरुण साहू ने पंच महा अभियान के उद्देश्य एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की।

अब छत का उपयोग करके किया जा सकता है बिजली बिल कम

पीएम सूर्य घर योजना के लिए लग रहे सेवा सेतु शिविर



टीकमगढ़। बिजली के बढ़ते खर्च से राहत पाने और घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर बिजली उत्पादन करने के इच्छुक शहरवासियों के लिए विद्युत विभाग द्वारा विशेष पहल की जा रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अधिक से अधिक परिवारों को जोड़ने के उद्देश्य से ऊर्जा विभाग द्वारा सेवा सेतु अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। टीकमगढ़ शहर में यह शिविर सिविल लाइन स्थित विद्युत विभाग के संभागीय कार्यालय में लगाया जाएगा। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, शहर वितरण केंद्र टीकमगढ़ द्वारा 5, 6 एवं 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इन शिविरों में रूफटॉप सोलर लगवाने के इच्छुक पात्र घरेलू उपभोक्ताओं का ऑन-द-स्पॉट पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को योजना से संबंधित वित्तीय एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे रूफटॉप सोलर स्थापित करने की प्रक्रिया को आसानी से पूरा कर सकें। भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विकासखंड एवं तहसील स्तर पर सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी अभियान के तहत टीकमगढ़ शहर में भी उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से जोड़ने के लिए शिविर लगाया जा रहा है। विद्युत विभाग का उद्देश्य ऐसे घरेलू उपभोक्ताओं तक योजना का लाभ पहुंचाना है, जो अपनी छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर बिजली के खर्च को कम करने के साथ सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना चाहते हैं।

पढ़ाई की चाहत को छात्रवृत्ति का सहारा देने 443 ने दी एनएमएमएसएस परीक्षा

पलेरा में 518 परीक्षार्थी पंजीकृत, 75 रहे अनुपस्थित, सफल विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक मासिक छात्रवृत्ति



पलेरा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के होनहार विद्यार्थियों की पढ़ाई जारी रखने और उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रविवार को राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप योजना एनएमएमएसएस परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया। प्रदेश के अन्य परीक्षा केंद्रों के साथ पलेरा में भी परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। नगर के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा केंद्र अध्यक्ष कौशल किशोर राजपूत ने बताया कि केंद्र पर कुल 518 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 443 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 75 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता अपनी टीम के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचे। उन्होंने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई। राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप योजना के तहत शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 8वीं के विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होते हैं। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन पढ़ाई में प्रतिभावान विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उनकी शिक्षा को निरंतर बनाए रखना है। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1,000 रुपये की छात्रवृत्ति शासन द्वारा प्रदान की जाती है।

हनुमान-शिव मंदिर में पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



टीकमगढ़। रेलवे पुल के पास डायमंड पैलेस के पीछे स्थित भगवान हनुमान एवं शिव मंदिर में हुई चोरी की वारदात का कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में रोरैया मोहल्ला निवासी अरविंद अहिरवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मंदिर से चोरी किया गया मशरूका बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार मंदिर के पुजारी धर्मजीत रिछारिया उर्फ राजू महाराज, निवासी ग्राम सुनवाहा, ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 सितंबर की रात करीब 9 बजे पूजा-पाठ एवं आरती के बाद उन्होंने मंदिर के मुख्य द्वार पर ताला लगाया और घर चले गए थे। अगले दिन 1 अक्टूबर की सुबह करीब 5:30 बजे मंदिर पहुंचने पर रामस्वरूप गुप्ता एवं अशोक कुमार झा ने मंदिर का बगल वाला गेट टूटा हुआ देखा। मंदिर के अंदर जांच करने पर पीतल के घंटे, शिव प्रतिमा के ऊपर स्थापित तांबे की नागराज प्रतिमा सहित अन्य सामान गायब मिला। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 5 हजार रुपये बताई गई। फरियादी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने धारा 305(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मंदिर में चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और चोरी गए माल की बरामदगी के निर्देश दिए। उनके निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन तथा कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संदेही अरविंद अहिरवार निवासी रोरैया मोहल्ला को पकड़ा। पुलिस के अनुसार पूछताछ में अरविंद ने मंदिर चोरी की वारदात में संलिप्तता स्वीकार की।

सरकार आपके द्वार की अवधारणा को साकार करते हुये लगे पलेरा-जतारा में सेवा सेतु शिविर

वादों की फाइलें बंद, अब सेवा सेतु में मौके पर ही समाधान शुरू





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

वादों की फाइलें बंद करते हुये प्रदेश सरकार द्वारा जनता के कार्यों के समाधान लिये, सरकार आपके द्वार की अवधारणा को साकार करने के प्रयास स्वरूप सेवा सेतु पर सीधे समाधान करने की शुरुआत की गई है। जिसके लिये सरकार द्वारा एक बेहद जनहितैषी पहल करते हुये शासन की योजनाओं और जनकल्याणकारी सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान की दिशा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के जनपद मुख्यालयों पर सेवा सेतु शिविर आयोजित किए गए। इसी क्रम में पलेरा एवं जतारा में आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने, नवीन पंजीयन तथा आवेदन की कार्यवाही मौके पर की।

प्रत्येक समस्या को गंभीर मानकर मौके पर ही करें निदान

जतारा में आयोजित शिविर में विधायक हरिशंकर खटीक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय भी मौजूद रहे। विधायक खटीक ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना और आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है। सेवा सेतु शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं नागरिकों को एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या गंभीरता से सुनकर पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

शिविर का लाभ उठाकर जुड़े योजनाओं से: वहीं पलेरा में आयोजित शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल एवं प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागवार स्टॉल पर पहुंचकर योजनाओं, पात्रता तथा हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। सरोज राजपूत ने कहा कि सेवा सेतु शिविर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का माध्यम हैं। एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की जानकारी और सेवाएं उपलब्ध होने से पात्र हितग्राहियों के लिए योजनाओं से जुड़ने की प्रक्रिया आसान हुई है। उन्होंने नागरिकों से शिविरों का लाभ उठाकर शासन की योजनाओं से जुड़ने की अपील की।

एक ही छत के नीचे विभिन्न विभागीय समाधान का नाम सेवा सेतु: कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। सेवा सेतु शिविरों में विभिन्न विभागों को एक साथ लाकर नागरिकों को योजनाओं की जानकारी, आवेदन, पंजीयन एवं लाभ प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या एवं आवेदन को गंभीरता से लिया जाए और पात्रतानुसार लाभ दिलाया जाए। नवीन पंजीयन के दौरान किसी पात्र व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।

प्रदर्शनियों में दिखा योजनाओं व स्वरोजगार का स्वरूप

दोनों शिविरों में विभिन्न विभागों ने अपनी योजनाओं एवं गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी और स्टॉल लगाए। महिला एवं बाल विकास विभाग की पोषण प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। उद्यानिकी विभाग ने फलदार एवं शोभादार पौधों से संबंधित जानकारी दी। पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। आजीविका मिशन से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मिट्टी एवं लकड़ी से तैयार हस्तशिल्प तथा विभिन्न घरेलू उपयोगी उत्पादों का प्रदर्शन किया। इसके अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, मत्स्य, आदिम जाति एवं कल्याण, विमुक्त घुमक्कड़ एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, पशुपालन एवं डेयरी, सामाजिक न्याय तथा किसान कल्याण एवं कृषि विभाग द्वारा भी योजनाओं पर आधारित स्टॉल लगाए गए।

समूहों से लिए पूरक पोषण आहार का पेमेंट नहीं कर रही सरकार

फैल हुई नई टीएचआर वितरण प्रणाली,भुगतान को तरसे समूह

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्य प्रदेश सरकार ने जुलाई 2026 में हुए कैबिनेट निर्णय के तहत आंगनबाड़ियों में टेक होम राशन (टीएचआर) के वितरण की जिम्मेदारी ग्रामीण आजीविका मिशन से वापस लेकर सीधे महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंप दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने यह जिम्मेदारी स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के सुपुर्द कर तो दी लेकिन अब उसका पेमेंट अटक जाने से महिला समूहों ने भी इस फ्री की सेवा देने से इंकार कर दिया है।

जो टीएचआर अभी तक करोडौ रुपए लागत से तैयार हुई फैक्ट्रीयों में बनता आया है उसे गांवो में रहने वाली आशिक्षित अथवा कम पढ़ी लिखी महिलाए घर के चूल्हे पर तैयार कर वितरण कर रही हैं। आश्चर्य की बात यह है कि महिलाओ द्वारा बनाया जा रहा पोस्टिक मिश्रण को बच्चे टीएचआर के मुकाबले अधिक पसंद कर रहे हैं। लेकिन विडंबना यह आ गई कि इस देशी टीएचआर को बनाने वाली महिलाओ को टीएचआर बनाने का पेमेंट हर माह नहीं किया जा रहा है जिससे महिलाओ ने इस जिम्मेदारी को वापस सरकार को देने की तैयारी करना शुरू कर दी है। याद रहे कि टीएचआर वितरण योजना मे बदलाव के पीछे सरकार के पास फंड कि कमी होना बताई जा रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने स्वीकार किया था कि आपूर्ति व्यवस्था में दिक्कतें आई हैं। उन्हें दूर करने का प्रयास किए जा रहे हैं और आगे व्यवस्था को सुचारु रूप से चला पाएंगे। महिला बाल विकास विभाग को मांग अनुसार सरकार फंड मुहैया करा रही है, कभी कभी पहुंचने में देरी हो जाती है। यह भी याद रखने योग्य बात है कि टीएचआर व्यवस्था में 2018 के बाद यह पांचवां बदलाव है। विभाग बदले। एजेंसियां बदली। उत्पादन मॉडल बदला। वितरण प्रणाली बदली। लेकिन आपूर्ति श्रृंखला के अंतिम छोर पर इंतजार कर रहे बच्चे नहीं बदले।



प्रदेश में 85 लाख लाभार्थी पंजीकृत

मध्य प्रदेश में 97.882 स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्र हैं. जो 453 बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित होते हैं। राज्य में करीब 85 लाख लाभार्थी पंजीकृत है, पूरक पोषण आहार का सार्च केंद्र और राज्य सरकार बराबर-बराबर वहन करते हैं. टेक-सोम राहन योजना के तहत छह महीने से तीन वर्ष तक के बच्चों को हर महीने दी पैकेट हलवा मिश्रा, एक पैकेट बाल आहार और एक पैकेट खिचड़ी मिलनी चाहिए। गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए दो पैकेट गेहू-सोया बहीं, एक पैकेट गेहूं-बेसन मिश्रण और एक पैकेट खिचड़ी देने का प्रावधान है।

ट्रांसपोर्टशन थी बड़ी समस्या

आंगनबाड़ी केंद्रों तक टीएचआर के बेग पहुंचाना विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया था। दरअसल दो-तीन सालों से सरकार ने परिवहन के लिए व्यवस्था नहीं की थी सरकार ने परिवहन जो टेंडर बुलाए थे उन शर्तों को ट्रांसपोर्ट एजेंसी पूरी नहीं कर सकी या फिर इतनी कम दरों पर वह ट्रांसपोर्ट नहीं करना चाहते थे जिसके चलते जिला मुख्यालय तक तो गोदाम से टीएचआर भेजे गए लेकिन यहां से आंगनबाड़ी केंद्र तक पैकेट भेजे जाने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकताओं को दी गई इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लगातार विरोध करती रही वे धरने प्रदर्शन कर ज्ञापन देती रही और सुपरवाइजर के माध्यम से विभाग उन पर लगातार अपने खर्च पर टीएचआर उठाकर केंद्र तक ले जाने के लिए दबाव बनाता रहा जो कार्यकर्ता वेग ले जाने में आना-कानी करती उन्हें फर्जी अनुपस्थिति के नोटिस देकर सेवा से पृथक करने की धमकी दी गई यह कवायद पूरे प्रदेश में की गई यह भी व्यवस्था में बदलाव का एक मुख्य कारण रहा।

इनका कहना..

महिला समूहों के माध्यम से हर आंगनबाड़ी केंद्र पर टीएचआर के पैकेट तैयार कर 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के आलावा गर्भवती, धात्री महिलाओं व किशोरी बालिकाओं को वितरण कराए जा रहे हैं लेकिन पेमेंट नहीं होने से महिलाएं नाराज है जो इसे कभी भी इसे बंद कर सकती हैं।

सरिता ओमप्रकाश बघेल
प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय समूह संघ

मेला मैदान में आयोजित किया गया शाखा संगम कार्यक्रम

व्यक्ति निर्माण से ही संभव होगा राष्ट्र का निर्माण:राजवीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के मेला मैदान में रविवार की सुबह शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजित हुआ। संघ शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित कार्यक्रमो की श्रृंखला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की श्योपुर नगर इकाई के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर के भीतर अलग अलग स्थानों और अलग अलग समय पर चलने वाली शाखाओ में पहुंचने वाले स्वयंसेवको को बुलाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रांत सह व्यवस्था प्रमुख रामवीर कौरव मुख्य वक्ता तथा जिला संघ चालक गिर्राज सर्राफ विशेष रूप से मंचासीन थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता रामवीर कौरव ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से शाखा के माध्यम से व्यक्ति निर्माण का कार्य निरंतर करता आ रहा है। शाखा व्यक्ति में अनुशासन, संस्कार, संगठन भाव, सामाजिक दायित्व एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। सशक्त, संस्कारित और चरित्रवान व्यक्तियों के निर्माण से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत का मूल समाज हिन्दू समाज है। परम पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज का सुख ही मेरा सुख है, हिन्दू समाज का अपमान मेरा अपमान है और हिन्दू समाज की विपत्ति मेरी विपत्ति है। यह विचार समाज के प्रति आत्मीयता, एकात्मता और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रकट करता है। प्रत्येक स्वयंसेवक का दायित्व है कि वह समाज के सुख-दुःख में सहभागी बने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करे। उन्होने समाज जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए पंच परिवर्तन को अपने आचरण में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया। मुख्य वक्ता कौरव ने कहा कि इन विषयों को व्यवहार में उतारकर ही समाज को अधिक संगठित, जागरूक और संस्कारित बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवकों को शाखा के नियमित अभ्यास, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संदेश दिया गया।

18 को होगा विशाल कौमुदी पथ संचलन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, श्योपुर नगर द्वारा आगामी 18 अक्टूबर को विशाल कौमुदी पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से नगर में अनुशासन, संगठन, सामाजिक एकात्मता एवं राष्ट्रभाव का संदेश प्रसारित किया जाएगा। नगर के नागरिकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों से इस आयोजन में सहभागिता कर इसे सफल बनाने का आह्वान किया गया है।

चोर बेखौफ, दो मंदिरो के ताले चटकाकर कर ली चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में एक बार फिर से चोरो ने बेखौफ होकर चोरी की वारदातो को अंजाम देना शुरू कर दिया है। बीती रात को बडौदा थाना क्षेत्र में चोरो ने दो मंदिरो में चोरी की वारदात को अंजाम देकर न सिर्फ नकदी रूपए और मोबाइल चुराए,बल्कि भगवान की मूर्ति को भी चोरी कर ले गए। हालांकि बडौदा पुलिस ने चोरी के दोनो मामलो में अलग अलग एफआईआर दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी है,मगर फिलहाल चोरो का कोई अता पता नहीं है। चोरी की इन वारदातो को लेकर क्षेत्र के धर्मप्रेमी लोगो में खासा रोष देखा जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक 3-4 अक्टूबर की दरमियानी रात को चोरी की यह वारदात बडौदा के उंडाखाड मंदिर और अलापुरा गांव के ठाकुरजी महाराज मंदिर में हुई। बताया जा रहा है कि चोर उंडाखाड मंदिर परिसर में बने संत मोहनदास महाराज गुरूजी के कमरे का ताला तोडकर 28 हजार रूपए नकद, पहनने के वस्त्र तथा मोबाइल चोरी कर ले गया। वहीं अलापुरा के ठाकुरजी महाराज मंदिर का भी चोरो ने रात्रि के दौरान ताला तोड दिया और मंदिर में रखी ठाकुरजी महाराज की पीतल की मूर्ति को ही चोरी कर ले गए। चोरी की इन दोनो वारदातो को रविवार को सुबह होने पर चला। जिसके बाद दोनो जगह मंदिरों पर लोगो की भीड लग गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके र पहुंच गई और चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

आज से शुरू होगी रामलीला, सभी तैयारियां पूरी

श्योपुर। श्योपुर में 77 वीं रामलीला का श्रीगणेश सोमवार 5 अक्टूबर को होगा। प्रतिदिन रात 9 बजे से शुरू होने वाली रामलीला का आयोजन 21 अक्टूबर तक होगा। इसमें 6 अक्टूबर मंगलवार को रामजन्म उत्सव, 7 अक्टूबर बुधवार को ताड़का वध गोरी पूजन, 8 अक्टूबर को धनुष यज्ञ, परशुराम संवाद, 9 अक्टूबर शुक्रवार को राम बारात, विवाह, 10 अक्टूबर शनिवार को रामबनवास, 11 अक्टूबर रविवार को केवट संवाद, चित्रकूट विश्राम, 12 अक्टूबर को दशरथ मरण, भरत मिलाप,13 अक्टूबर मंगलवार को सीता हरण, 14 अक्टूबर बुधवार को सुग्रीव मित्रता, बालीवध, 15 अक्टूबरको लंका दहन, 16 अक्टूर को विभीषण शरणागति, सेत बंध रामेश्वर, 17 अक्टूबर को अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, 18 अक्टूबर को कुंभकरण वध, मेघनाथ वध, सुलोचन सती, 19 अक्टूबर को अहिरावण वध राम रावण युद्ध, 20 अक्टूबर को रावण वध, 21 अक्टूबर को रामराज्याभिषेक की लीला के साथ रामलीला का समापन किया जाएगा।

अगरा पुलिस ने पांच किमी पीछाकर पकड़ी शराब से भरी गाड़ी,चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अगरा थाना पुलिस ने बीती शाम को शराब से भरी एक गाडी को पकडने में सफलता अर्जित की है। विशेष बात यह है कि शराब भरी गाडी के चालक ने पुलिस से बचने के लिए गाडी को खूब दौडाया,लेकिन अगरा थाने की पुलिस टीम ने भी अपनी गाडी को पांच किलोमीटर तक शराब से भरी गाडी के पीछे दौडाकर उसे पकड लिया। मगर चालक एनवक्त पर गाडी से कूदकर भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर शराब को जब्त करते हुए गाडी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि बीती शाम को मुखबिर के जरिए अगरा थाना क्षेत्र में काफी बडी मात्रा में शराब एक वाहन के जरिए आने की सूचना मिली। इस सूचना पर तत्काल अगरा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा को घेराबंदी करने के निर्देश दिए। इसके बाद अगरा थाना प्रभारी ने दो अलग अलग पुलिस टीमे बनाकर अलग अलग स्थानों पर नाकेबंदी कर दी। मगर शराब लेकर आ रही गाडी गांव के अंदर होकर आने वाले रास्ते से अगरा क्षेत्र में दाखिल हो गई। जिसके बाद उसका पांच किलोमीटर तक पीछा करके उसे पकड लिया। मगर चालक गाडी से कूदकर भाग गया। जब्त की गई गाडी से 44 पेटी देशी शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 2 लाख रूपए के आसपास बताई गई है। एसडीओपी तोमर ने बताया कि गाडी चालक की तलाश की जा रही है,उसके पकडे जाने के बाद पूरा मामले की पूरी स्थिति साफ हो जाएगी।

जिला अस्पताल में निशुल्क नेत्र जांच व चश्मा वितरण शिविर कल

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला चिकित्सालय श्योपुर में 6 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आने वाले मरीजों की निशुल्क नेत्र जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की जाएगी तथा जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार पात्र मरीजों को निशुल्क चश्मे का वितरण किया जाएगा।जिला चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि जिन व्यक्तियों को दृष्टि संबंधी परेशानी है अथवा जिन्हें दूर या पास देखने में कठिनाई होती है, वे इस निशुल्क सेवा का लाभ उठाएं। इस पहल का उद्देश्य आमजन को सहज एवं सुलभ रूप से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं आवश्यक दृष्टि सुधार की सुविधा उपलब्ध कराना है।

सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

आयुष्मान योजना में मिल रहा 5 लाख रुपए तक उपचार का लाभ:भूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयुष्मान भारत निरामयम योजना लागू की गई है, जिसके माध्यम से सालाना 5 लाख रूपये तक के निशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की गई है। इस योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है। यह बात रविवार को सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत चंबल कॉलोनी परिसर श्योपुर में आयोजित सेवा सेतु शिविर को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कही। नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में आयोजित सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में डूडा प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य एवं डिप्टी कलेक्टर शिवलाल शाक्य, भाजपा प्रदेश कार्य समिति के पूर्व सदस्य कैलाशनारायण गुप्ता, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, भाजपा जिला महामंत्री संजय अकोदिया, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ओम राठौर, रेडक्रॉस सचिव दिनेश दुबोलिया, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अकोदिया, पार्षद नाथी बाई, सीएमओ नरेन्द्र जाटव, सपना गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। सेवा सेतु शिविर के दौरान नगरपालिका द्वारा पीएम स्वनिधि के तहत संतोष वैष्णव, धनराज सुमन, मोहम्मद लईक, चांदनी बानो, सावित्री जंगम को 25-25 हजार तथा मोहम्मद आमिल, खुशनसीम को 50-50 हजार, पायल गौतम को 15 हजार की ऋण राशि के चैक प्रदाय किये गये। इस अवसर पर बालिका दीक्षा शर्मा को लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाभान्वित करते हुए माता ज्योति शर्मा 1 लाख 43 हजार रूपये की राशि का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत हितग्राही शबेनुर बानो, रोनक बानो, शमरीन, अफसरा, रजनी सुमन, सुनीता सुमन, मंजू सुमन को द्वितीय किस्त की राशि प्रदाय की गई। इसके साथही एनयूएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूह प्रगति, अमरदीप, सुदामा, कन्या, क्षत्रीय, माही एवं कर्म एसएचजी को 5-5 लाख रूपये की सीसीएल राशि का वितरण किया गया। जबकि रोहित सोलंकी को अंत्यवसायी सहकारी समिति के माध्यम से संत रविदास स्वरोजगार योजना अंतर्गत 10 लाख रूपये की ऋण राशि का वितरण किया गया।

दोनों सडकों का निर्माण शुरू कराने लोक निर्माण विभाग ने शुरू की टेंडर प्रक्रिया

उम्मीद बंधी: अब जल्द बनना शुरू हो जाएगी जावदेश्वर मेवाड़ा और सरजूपुरा मालीपुरा सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गड्ढो के कारण परेशानी भोग रहे जावदेश्वर मेवाडा सडक और मालीपुरा सरजूपुरा सडक पर गुजरने वाले लोगो को अब जल्द ही इस परेशानी से निजात मिल जाएगी। क्योंकि लोक निर्माण विभाग ने इन सडकों का निर्माण शुरू कराने के लिए टेंडर लगाने संबंधी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में लोक निर्माण विभाग की कार्रवाई जिस गति से चल रही है,उसे देखकर लग रहा है कि बहुत जल्द ही टेंडर जारी होकर सडक का निर्माण शुरू होने की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। दोनों सडकों का निर्माण होने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों का सफर सुगम हो जाएगा।

यहां बता दें कि जिले की जावदेश्वर मेवाडा सडक और मालीपुरा सरजूपुरा सडक प्रमुख सडके है। लेकिन वर्तमान में दोनो सडकों की स्थिति जर्जर हो रही है। जिसकारण इन सडकों से गुजरने वाले वाहनो में सवार लोगो को खासी असुविधाएं उठानी पड रही है। इन दोनो सडकों की जर्जर स्थिति को सुधारने के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से इन दोनो सडकों का प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए शासन की ओर भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि शासन की ओर से दोनो सडको के मंजूरी प्रदान कर दी गई और लोक निर्माण विभाग को निर्माण एजेंसी बनाकर सडक का निर्माण शुरू कराने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग ने इन सडको के निर्माण को लेकर टेंडर जारी करवाए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।



3 करोड़ 70 लाख रुपए से बनेगी जावदेश्वर मेवाड़ा सड़क

बताया गया है कि जावदेश्वर से मेवाडा तक बनने वाली सडक 8 किलोमीटर लंबी बनाई जाएगी। इस सडक के लिए शासन की ओर से 3 करोड 70 लाख रूपए की राशि मंजूर की गई है। यह सडक करीब पौने चार मीटर चैडी बनाई जाएगी। वैसे तो यह पूरी सडक डामरीकृत बनाई जाएगी। लेकिन सडक के बीच में 600 मीटर के हिस्से में सीसी रोड बनाई जाएगी। बता दें कि कुछ जगह इस सडक का हिस्सा डूब क्षेत्र में आ जाता है,इसलिए वहां इस सडक पर डामर की जगह सीसी रोड बनाई जाएगी। ताकि सडक लंबे समय तक सही सलामत बनी रहे और लोगो का आवागमन सुगम बना रहे।

3 करोड़ 37 लाख से बनेगी सरजूपुरा मालीपुरा सड़क, पोल शिफ्ट भी होगे

लोक निर्माण विभाग की ओर से जावदेश्वर मेवाडा सडक के साथही सरजूपुरा मालीपुरा सडक का निर्माण किए जाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि सरजूपुरा मालीपुरा सडक 3.20 किलोमीटर लंबी बनाई जाएगी। जिसके लिए शासन की ओर से 3 करोड 37 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। बताया जा रहा है कि सडक को नए सिरे से बनाए जाने के साथही सडक किनारे आ रहे बिजली के पोलो की शिफ्टिंग भी इस कार्य के दौरान की जाएगी। ताकि सडक निर्माण के दौरान बिजली के पोल अवरोध न बन सके। यह सडक भी करीब पौने चार मीटर चैडी बनाई जाएगी।

इनका कहना...

सरजूपुरा मालीपुरा सडक और जावदेश्वर मेवाडा सडक का निर्माण कार्य अब जल्द ही शुरू हो जाएगा।इसके लिए टेंडर प्रक्रिया की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पुष्कल प्रताप
प्रभारी ईई लोक निर्माण विभाग,श्योपुर

नागदा मे आयोजित रक्तदान शिविर मे 21 ने किया ब्लड डोनेशन

शहर तक सीमित न रहे रक्तदान शिविर, गांवों तक हो विस्तार: महावीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रक्तदान के प्रति अलख जगाने का कारवां सिर्फ शहरी क्षेत्र तक सीमित ना रहे इसे गांव देहात तक विकसित करने की जरूरत है। तब जाकर रक्त की मांग पूर्ति हो सकती है। यह बात रक्तदान के प्रति रोल मॉडल बन चुके महावीर गुप्ता ने नागदा में आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर संबोधन देते हुए कही। इस दौरान 21 युवाओं ने रक्तदान का पुनीत लाभ लिया।

नवयुवक मंडल नागदा की ओर से आयोजित हुए रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं में भागीदारी की रक्तदान शिविर में 21 युवाओं में रक्तदान का पुनीत लाभ अर्जित किया खास बात यह रही कि जिन युवाओं ने रक्तदान किया उनमें से अधिकतर ने पहली बार रक्तदान किया और रक्तदान के बाद उन्होंने संकल्प भी लिया कि अब हर 3 महीने में जरूरतमंद के लिए रक्तदान करेंगे। इस दौरान समाज सेवी अरुण ओसवाल ने कहा कि जिला अस्पताल की ब्लड बैंक को जो रक्त की आवश्यकता होती है इन शिवरों के माध्यम से भी उसकी पूर्ति नहीं हो रही है इसलिए रक्तदान के लिए शिवरो की संख्या और बढ़ाने की जरूरत है इसके लिए अब शिवरों का रुख गांवों की ओर करने की जरूरत है। इस दौरान जिन युवाओं ने रक्तदान किया उन्हें रेड क्रॉस की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जाहिर सूचना

इंदर सिंह मीणा पुत्र श्री सीताराम मीणा निवासी ग्राम हलगावडा बुजुर्ग, थाना आवदा जिला श्योपुर म.प्र.
..... (नोटिसदाता)

बनाम

कमलकिशोर उर्फ रामू खाती पुत्र कैलाश खाती निवासी ग्राम हलगावडा बुजुर्ग के टापरे, बडोदा रोड तहसील श्योपुर जिला श्योपुर म.प्र.
..... (नोटिसग्रहिता)

यहकि नोटिसदाता ने मुझे अपना अभिभाषक नियुक्त कर आप/नोटिसग्रहिता को निम्नप्रकार नोटिस देने कि हिदायत दी है। अतः आप निम्न प्रकार नोटिस प्राप्त करें।

1. यहकि पूर्व के अच्छे सम्बन्धों के तहत आप/नोटिसग्रहिता ने घर कार्य के लिए रुपयों कि आवश्यकता बताते हुए दिनांक 10/05/2025 को 3,00,000/- रु. (तीन लाख रुपये) उधार लिए तथा जिनको अगस्त 2026 में लौटाने कि बोला था। नोटिसदाता ने आपसे अपनी राशि प्राप्त करने बावत तलब तकाजा किया तो उक्त रुपयों के भुगतान हेतु आप ने नोटिसदाता को दिनांक 01/08/2026 को चेक क्रमांक "000002" एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा शिवपुरी रोड श्योपुर के अपने खाता क्रमांक 50100738584456 का भरा हुआ अपने हस्ताक्षर करके दिया था। 2. यहकि आपके द्वारा दिए गए चेक क्रमांक "000002" को मेरे व्यवहारी ने अपनी उधारी कि राशि प्राप्त करने हेतु दिनांक 08/09/2026 को बैंक ऑफ इंडिया शाखा श्योपुर के अपने खाता क्रमांक 907510110007598 में प्रस्तुत किया जो बिना भुगतान के दिनांक 16/09/2026 को इओवर सिग्नेचर डिफर" के रिटर्न मेमो के साथ वापिस कर दिया। 3. यहकि आप के द्वारा नोटिसदाता को दिया गया उक्त चेक बिना भुगतान के बैंक द्वारा वापिस कर दिया जाने कारण नोटिसदाता ने जरिए अभिभाषक आपको रजिस्टर्ड डाक से दिनांक 16/09/2026 को आपको भेजा जिसे आपने डाकिए से मिलकर यह लिखकर वापिस करवा दिया कि दिए गए पते पर ढूंढा नहीं मिला। इस लिए नोटिसग्रहिता को उक्त नोटिस जरिए दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से भेजा जा रहा है। 4. यहकि उधार रुपये लेकर उक्त रुपयों को हड़पने के उद्देश्य से उक्त चेक नोटिसदाता के साथ छल एवं कपट करते हुए अपने खाते से अलग हस्ताक्षर करके दिया है जो अनादरित हो गया है जिसके लिए आप जिम्मेदार है। अतः जरिये सूचनापत्र नोटिसग्रहिता को यह सूचित किया जाता है कि उक्त सूचना पत्र के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर उक्त चेक कि राशि 3,00,000/- रु. (तीन लाख रुपये) व नोटिस खर्चा 3000 रुपये मेरे व्यवहारी को भुगतान कर उक्त चेक को वापिस प्राप्त करें अन्यथा नोटिस म्याद उपरांत आप के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में कार्यवाही कि जावेगी जिसमे होने वाले समस्त हर्जे खर्चे कि जिम्मेदारी आप स्वयं कि होगी।

भवदीय **राकेश सिंह जाट** (एडवोकेट)
एमबीए, एलएलबी
हॉल नं.04 न्यायालय परिसर श्योपुर
मों : 8959978793

खबर संक्षेप

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत इंदिरा आवास कॉलोनी शाढ़ौरा निवासी जगदीश अहिरवार उम्र 35 साल ने घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

धोखाधड़ी का मामला किया गया दर्ज

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत बगुल्या निवासी राहुल रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी द्वारा फरियादी के क्रेडिट कार्ड के 43248 रुपए धोखाधड़ी कर काट लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मातामढ़ मोहल्ला निवासी मोनू रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि देवा और बृजेश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजाद मोहल्ला निवासी नजीर खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि साविर खान ने उससे मारपीट की दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगानगर कॉलोनी निवासी दतार सिंह कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भगवान दास और नितिन कोरी ने उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आंवरी निवासी आशा बाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि धमेन्द्र कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी रामबाबू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रवि वंशकार ने उससे मारपीट की। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बगरखेडा छज्जू निवासी कुन्दन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राम सिंह यादव ने उससे मारपीट की। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम व्यानी निवासी भानू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भूपेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी सुमेर आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजू और भूरा आदिवासी ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की। जिले के मुंगावली क्षेत्र के अंतर्गत पुष्प विहार कॉलोनी बीना निवासी बाबूलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सेमरखेड़ी की पुलिया की मोड़ पर तीन से चार अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की।

जुआरियों पर पुलिस का शिकंजा, 12 को पकड़ा

अशोकनगर। थाना देहात पुलिस को जुआरियों के विरुद्ध कार्रवाई में सफलता प्राप्त हुई है। थाना देहात प्रभारी निरीक्षक आकाश शर्मा एवं पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर शंकर कॉलोनी एवं कुड़ी घाट क्षेत्र में दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा दोनों स्थानों पर जुआ खेल रहे 12 आरोपियों को मौके से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे एवं घटनास्थल से 10100 नगद तथा जुआ खेलने की सामग्री जप्त की है। आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआ खलते हुए जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें संतोष यादव, मेहरबान अहिरवार, मनोज अहिरवार, रामबाबू शर्मा, पप्पू रजक, हरिशंकर शर्मा, बृजेश चंदेल, दुर्गेश प्रताप राजपूत, लाल सिंह अहिरवार, ऋतिक अहिरवार,ओम शर्मा एवं मयंक चौबे, सभी निवासी अशोकनगर हैं।

गांधी पार्क चौराहे पर स्वच्छता का संदेश दिया

अशोकनगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर बरखेड़ी, गुना रोड स्थित संस्कार अकादमी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गांधी पार्क चौराहे पर स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने चौराहे के आसपास साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और स्वच्छ एवं सुंदर शहर का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया।

समस्याओं के विभिन्न आवेदन सामने आए, हितलाभ का वितरण भी किया गया

अशोकनगर, बहादुरपुर व चंदेरी में शिविर का आयोजन, जनप्रतिनिधि हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर मुख्यालय पर आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम डॉ केपी यादव शामिल हुए। उन्होंने शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाने लेने की अपील की और कहा कि इस तरह के शिविर आमजनों की समस्याओं के निराकरण में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्टॉलों का निरीक्षण किया और उपस्थित जनों को हितलाभ वितरण किया। इस मौके पर कलेक्टर साकेत मालवीय भी उपस्थित थे। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। योजनाओं का लाभ प्रदान कर जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा रहा है। शिविर में पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने कहा कि सरकार आपके द्वार शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन प्रशासन के अधिकारी जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर किया जा रहा है। शिविर में कुल आवेदन 1002 कुल आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान डॉ. केपी यादव द्वारा नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

अभियान समस्याओं के निराकरण का सशक्त माध्यमः विधायक

सेवा सेतु अभियान लोगों की समस्याओं के निराकरण का सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अंतर्गत आयोजित शिविर में लोगों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। इस आशय के विचार मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने शनिवार को विकासखंड मुंगावली के तहसील प्रांगण बहादुरपुर में आयोजित सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि शासन एवं प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा देश 2047 विकसित भारत की ओर नई ऊर्जा एवं नई गति के साथ आगे बढ़ रहा है। शिविर में विभिन्न समस्यामूलक 200 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया। शेष आवेदनों पर समय सीमा निर्धारित कर संबंधित विभागों को प्रेषित किए गए।



सेवा सेतु अभियान मेला ग्राउंड में लगा शिविर, जनसेवा की मंशा पर पानी फेरती दिखी खाली कुर्सियां

शासन के सेवा सेतु अभियान के तहत शनिवार को स्थानीय मेला ग्राउंड में जनपद पंचायत द्वारा विशाल जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को एक ही छत के नीचे विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। हालांकि, लाखों रुपये खर्च कर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में आम जनमानस की बेरुखी साफ देखने को मिली।

जनता ने बनाई दूरी अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के भरोसे सिमटा आयोजन

जिस मंशा और व्यापक तैयारियों के साथ इस शिविर का आयोजन किया गया था, परिणाम उसके विपरीत रहे। अनुमान के मुताबिक लोग समस्याओं के निराकरण के लिए मेला ग्राउंड नहीं पहुंचे, जिससे कार्यक्रम स्थल पर लगी कुर्सियां खाली नजर आईं। शिविर में आम नागरिकों की उपस्थिति न के बराबर रही और यह पूरा आयोजन केवल शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी तक ही सिमट कर रह गया। चुनिंदा लोगों की उपस्थिति के कारण अभियान का व्यापक असर नजर नहीं आया।

सीईओ को दिया आवेदन

चंदेरी जनपद पंचायत में स्वीकृत टेंडर की अनदेखी का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

जनपद पंचायत चंदेरी में स्वीकृत टेंडर की शर्तों का उल्लंघन कर अन्य फर्म या व्यक्तियों से शासकीय कार्यक्रमों की व्यवस्थाएं कराने का मामला सामने आया है। इस संबंध में स्थानीय फर्म प्रजापति एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चंदेरी को एक शिकायती आवेदन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जनपद पंचायत चंदेरी द्वारा स्टेशनरी, साउंड सिस्टम, वाटर कैंपर व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया में प्रजापति एंटरप्राइजेज की दरें स्वीकृत हुई थीं और कार्य का टेंडर फर्म के नाम जारी किया गया था।

बिना सूचना अन्य फर्मों से कराए जा रहे काम

फर्म के प्रोपराइटर ने बताया कि टेंडर स्वीकृत होने के बावजूद जनपद पंचायत द्वारा आयोजित विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों (जैसे श्सेवा सेतु अभियान, सरकार आपके द्वार एवं संकल्प अभियान आदि) में उनकी फर्म को कोई सूचना या कार्य आदेश जारी नहीं किया जा रहा है। स्वीकृत टेंडर और निर्धारित दरों को दरकिनार कर कार्यालय द्वारा ये कार्य अन्य फर्मों या व्यक्तियों से कराए जा रहे हैं, जो टेंडर नियमों का सीधा उल्लंघन है, काम रोकने की मांग की गई है।

अशोक सिंघल जन्म शताब्दी पर रक्तदान शिविर, 15 यूनिट रक्त एकत्रित किया



अशोकनगर। अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर सकल हिंदू समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाजसेवियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 15 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान अशोक सिंघल के जीवन, उनके राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पण तथा सामाजिक समरसता के लिए किए गए कार्यों भगवान राम के मंदिर के आंदोलन की भूमिका की प्रमुख योद्धा रहेपर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

शिक्षकों ने टीईटी के विरोध में गांधी जयंती पर उपवास कर धरना दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

महात्मा गांधी की जयंती को ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमेटी मध्यप्रदेश एवं मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ ने संयुक्त रूप से सेवारत शिक्षकों को टीइटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में अशोकनगर में गांधी प्रतिमा के समक्ष उपवास धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रदर्शन किया।

मांगों के बिन्दु

1. मध्यप्रदेश सरकार तमिलनाडु और जम्मू कश्मीर सरकार की तरह सेवारत शिक्षकों को टीइटी परीक्षा से मुक्ति के लिए विधानसभा का विशेष सत्र आहूत कर विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजे।
2. नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाए।
3. अव्यवहारिक ई अटेंडेंस समाप्त हो।

जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में करियर मार्गदर्शन संपन्न

अशोकनगर। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जन विश्वास अभियान शिविर अंतर्गत बहादुरपुर तहसील में आयोजित शिविर में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, अशोकनगर की ओर से वरिष्ठ व्याख्याता नागेन्द्र धूपर, एन.के. सेंगर और अंकित श्रीवास्तव ने संस्था का प्रतिनिधित्व किया। संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बहादुरपुर में जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा के साथ उपस्थित होकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान नागेन्द्र धूपर एवं टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में संचालित विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों और उन पाठ्यक्रमों को पूर्ण करने के बाद उपलब्ध रोजगार की जानकारी प्रदान की।

एनडीपीएस एक्ट के मामलों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना के लिए अशोकनगर पुलिस का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में एनडीपीएस एक्ट 1985 के प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण एवं कानून-संगत विवेचना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान अभियोजन अधिकारी शबनम बानो, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा ओमप्रकाश मिश्रा एवं डीसीबी/डीसीआरबी शाखा प्रभारी निरीक्षक कुलदीप वर्गे द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों, प्रकरणों की विवेचना में अपनाई जाने वाली वैधानिक प्रक्रिया, साक्ष्य संकलन तथा अभियोजन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों को व्यावहारिक एवं विधिक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में जिले के



विभिन्न थानों से उपस्थित उनि. अजीम अंसारी, उनि. विद्याराम कुशवाह, उनि. सोनम यादव, उनि. जगदीश पाराशर तथा सउनि. रामबहादुर सिंह, सउनि. माइकल खलको, सउनि. राजकुमार सिंह जादौन, सउनि. गोपाल सिंह, सउनि. महेन्द्र सिंह रघुवंशी, सउनि. हेमराज सिंह मीणा, सउनि. अमरसिंह धाकड़, सउनि. रामदयाल नंदा, देव सिंह, सउनि. अनिल कुमार, सउनि. रूपचंद्र साहू, सउनि. प्रजेश यादव, सउनि. जगदीश शर्मा, सउनि. पुरुषोत्तम शर्मा, सउनि. देशराज सिंह एवं सउनि. मो. सफायत खान द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

सरपंच और अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच मुन्नी बाई रघुवंशी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। उनके सत्यवान अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। ग्राम सभा में पंचायत सचिव सीमा प्रजापति,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं,पंचों व ग्रामीणों की उपस्थिति में गांव के विकास कार्यों पर चर्चा हुई। इसके पश्चात सरपंच प्रतिनिधि रामेंद्र रघुवंशी और



पशु चिकित्सक डॉक्टर राजेंद्र बाथम सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पंचायत कार्यालय व स्कूल परिसर के सामने झाड़ू लगाकर सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया।

प्रदेश स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में खेलेंगे शाढ़ौरा के दो छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

नगर के दो छात्र अनुज शर्मा और गिरिराज शर्मा का चयन प्रदेश स्तरीय स्कूली फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए ग्वालियर संभाग की टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी 3 अक्टूबर से शाजापुर में आयोजित चार दिवसीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दोनों खिलाड़ी शाजापुर के लिए रवाना हुए। अनुज शर्मा पुत्र मुकेश शर्मा एवं गिरिराज शर्मा पुत्र मुरारी शर्मा द्रोपदी पब्लिक स्कूल



के छात्र हैं। दोनों खिलाड़ियों ने फुटबॉल का प्रशिक्षण हिंद फुटबॉल अकैडमी के कोच आदित्य चैरसिया से प्राप्त किया है। दोनों छात्रों के प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में चयन से स्कूल, परिवार और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है।

बिनौली यात्रा का आयोजन, रात्रि में सांस्कृतिक प्रस्तुति के दौरान नाटक का किया गया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

पिछले दो दिनों से नगर में धर्म का माहौल बना हुआ है। जहां एक ओर निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधा सागर महाराज संघ में शामिल हुए। ब्रह्मचारी अमन भैया की नगर में भव्य ओर ऐतिहासिक बिनौली यात्रा निकाली गई। जिससे नगर में सुधा सागर महाराज का जय घोष गूंज उठा। यह यात्रा नगर के चंद्र प्रभु जिनालय मंदिर से शुरू हुई ओर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए रामलीला मंच पहुंची जहां गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। समाज के प्रत्येक घर से महिला, पुरुष ने इसमें अपनी भागदारी निभाई ओर दिगम्बर जैन



पंचायत ने अमन भैया के परिजन का सम्मान किया गया। वहीं विमानोत्सव के रात्रि में दिल्ली से आए सतेंद्र शर्मा की मंडली ने सती मेना,एक मां के लिया भाई ओर बहन के बलिदान की गाथा के साथ गांधी के यात्रा का मंचन किया जिसमें देर रात तक लोग इसका आनंद लेते रहे।

नए तहसील भवन के सामने किया जा रहा आधुनिक पद्धति से सेंसर फिक्सड फार्म पेवर मशीन से सड़क का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में अभी तक सीसी सड़क का निर्माण साधारण तरीके से ही होता आया है। जिसके कारण न तो सड़क समतल रहती थी और न ही सड़क का लेवल सही रह पाता था, जिसके कारण सड़क पर गडडे भर रहते थे और पानी भरकर रह जाता था। पहली बार यहां सेंसर फिक्सड फार्म पेवर मशीन से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण से तहसील आने जाने वाले लोगों को मदद मिलेगी और इस तरह की तकनीक से सड़क का निर्माण किया जाना पहली बार देखने मिल रहा है। इस तरह की सड़कों का निर्माण अगर शहर में इसी पद्धति से किया जाए तो सड़के लंबे समय तक टिकाऊ रहेगीं और समतल होने के साथ साथ एक जैसा लेवल एक जैसी ऊंचाई तो मिल सकेगी ही साथ में सड़क पर कहीं भी कोई गडडे नहीं होगें। जिससे सड़क मार्ग से निकले वाले दो पहिया और 4 पहिया वाहनों को निकलने के दौरान जो गडडे बने होने से दचके लगते थे वह नहीं लगेगें और सही मायने में गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण हो सकेगा। सड़क का निर्माण कर रहे संजीव भारिल्ल ने बताया कि इस तरह की सड़क का शहर में पहली बार निर्माण हो रहा है, सड़क बनाने वाले अन्य ठेकेदारों को भी इस सड़क को देखने के लिए जरूर आना चाहिए ताकि सड़क बनाने का सही लाभ मिल सके।





पिपरई में श्रीमद् भागवत कथा में गूंजे 'नंद के घर आनंद भयो' के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

नगर के लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक कपिल कृष्ण शास्त्री द्वारा श्रद्धालुओं को भगवान की विभिन्न लीलाओं और भक्तों की भक्ति का वर्णन कराया जा रहा है। कथा के चौथे दिन भक्त प्रह्लाद, वामन अवतार एवं भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक कपिल कृष्ण शास्त्री ने भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति और हिरण्यकशिपु के संहार का प्रसंग सुनाते हुए भगवान की भक्ति की महिमा बताई। इसके बाद भगवान विष्णु के पांचवें अवतार वामन भगवान की कथा का वर्णन किया गया। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग आया। कंस के कारागार में वासुदेव और देवकी के यहां भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य का वर्णन होते ही कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। भगवान के जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ जयकारे लगाए। श्रीकृष्ण जन्म के बाद वासुदेव जी द्वारा उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहां पहुंचाने और नंदोत्सव का प्रसंग सुनाया गया।